सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

CCL
Fuelling Sustainable Growth

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# अपनी बात

अंक : 604 वर्ष 45 राँची, मई, 2024











# मई दिवस पर सीसीएल में 'श्रमिक सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन

## निविदा कर्मी सहित कंपनी के श्रमवीर हुए सम्मानित

दिनांक 01 मई को "अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस" के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय, राँची में 'श्रमिक सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सीसीएल के सीएमडी, श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री हरीश दुहान, सीवीओ, श्री पंकज कुमार, मुख्यालय तथा क्षेत्र के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण सहित सीसीएल कर्मियों द्वारा दरभंगा हाउस प्रागंण में स्थित 'शहीद स्मारक' पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत शहीद सीसीएल




श्रमिक सम्मान समारोह के दौरान संबोधित करते अप्रनि श्री निलेंदु कुमार सिंह

कर्मियों, कर्मवीर दिवंगत सीसीएल सपूतों को पुष्पांजलि अर्पित कर शत–शत नमन किया। श्रमिक दिवस मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में मनाया गया।

सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, उपस्थित सभी को मई दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि श्रमिक महज एक शब्द नहीं, अपितु श्रमिक एक ताकत है, ऊर्जा है एवं अनुभूति है। आगे अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि यह आप सबों के समर्पण एवं परिश्रम का ही परिणाम है कि सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 23 –24 में अपना उत्पादन लक्ष्य 84 मिलियन टन को पार करते हुए 86.1 मिलियन टन कोयले का उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित कर पाने में सफल हुआ है। इसमें नियमित कर्मियों के साथ–साथ आउटसोंसिंग कर्मियों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जो लक्ष्य मिला है ,उसे भी हम सभी मिलकर निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रम हमारे आत्मविश्वास का प्रतीक है और हमें इसी श्रम से आगे बढ़ते हुए इतिहास रचना है। उन्होंने पूरी सीसीएल टीम खासकर निदेशकगणों की तारीफ करते हुए कहा कि विगत वर्षों के आंकड़े इस कथन को पुष्टि करते है । आगे उन्होंने कहा कि हम सभी संस्कार, दक्षता और टीम वर्क के साथ सभी मुकाम हासिल करेंगे और सीसीएल को नई ऊँचाइयों तक ले जायेंगे ।

निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री हरीश दुहान ने अपने संबोधन में सभी को श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि श्रम किसी भी रूप में सम्मानित रहता है और राष्ट्र के विकास की नींव श्रम से ही रखी जाती है।

निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा ने श्रमिक दिवस की हार्दिक बधाई देते हुये कहा कि श्रमिक दिवस श्रमिकों के संघर्ष का परिणाम है। कंपनी प्रत्यक्ष रूप से जुड़े श्रमिकों के साथ–साथ अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े श्रमिकों का भी सम्मान करती है और श्रमिकों के कल्याण के लिए कंपनी कृत्संकल्प है।

सीवीओ, श्री पंकज कुमार ने भी सभी गणमान्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए श्रमिक दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों का महत्व था, है और रहेगा। हम सबों को ये




श्रमिक सम्मान समारोह का एक दृश्य

जिम्मेदारी है कि सभी श्रमिकों का हम मन, वचन और कर्म से स्वागत करें और बेहतर कल के निर्माण के लिए उत्साह बढ़ाएँ।

श्रमिक संघ के सम्मानित सदस्य श्री रमेन्द्र कुमार सहित विभिन्न श्रमिक संघों के प्रतिनिधिगणों ने कंपनी के नए सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह का स्वागत करते हुए उपस्थित सभी को मई दिवस की बधाई दी। कंपनी के उत्तरोत्तर विकास में श्रमिकों की योगदान और उनकी भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सब मिलकर कम्पनी को नित्य नई ऊँचाइयों पर ले जाने का काम करेंगे।

इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ सीएमडी, श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशकगण, सीवीओ एवं श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगणों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों से आये हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियो को विभिन्न श्रेणियों/कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु सम्मानित किया गया '।

उपरोक्त कार्यक्रम काफी उत्साहपूर्ण रहा जिसे सभी लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# सीसीएल के सतर्कता टीम ने किया खदानों का औचक निरीक्षण

कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में मुख्य सतर्कता अधिकारी सीसीएल श्री पंकज कुमार के नेतृत्व में सतर्कता विभाग पारदर्शिता एवं निवारक सतर्कता के दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इसी क्रम में सतर्कता विभाग द्वारा गठित टीम द्वारा दिनांक 04 मई को आम्रपाली ओपन कास्ट प्रोजेक्ट और रजरप्पा प्रोजेक्ट में औचक जाँच की गई । किसी भी विसंगति की पहचान करने और सुधारात्मक उपायों को तुरंत लागू करने हेतु इन दोनों परियोजनाओं की गहन जाँच की गई। यह पहल कोयला खनन क्षेत्र के भीतर अखंडता और अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देने में सीसीएल के सक्रिय प्रयास को दर्शाती है। इस पहल का उद्देश्य कोयला खनन कार्यों के भीतर नियमों और नैतिक मानकों के पालन सुनिश्चित कराना है।

एमओसी, सीवीओ सीआईएल और सीवीओ सीसीएल की देखरेख में सतर्कता टीम ने सीएमपीडीआई, सीसीएल मुख्यालय और सीसीएल के कमांड क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ स्टॉक, वे–ब्रिज, रेलवे साइडिंग और डिजिटल टूल्स के प्रयोग एवं दक्षता सहित संचालन के विभिन्न पहलुओं का सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया।

सतर्कता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गयी इस अभियान के तहत औचक सतर्कता जाँच से परिचालन में सत्यनिष्ठा, उत्कृष्टता और जिम्मेदार खनन प्रथाओं को सुनिश्चित किया जाता है। कोयला मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप, सीसीएल अपनी गतिविधियों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने में अपनी भूमिका की पुष्टि करता है।

सतर्कता विभाग द्वारा समय–समय पर औचक निरीक्षण एवं जाँच आदि के प्रयास किये जाते हैं तथा निवारक सतर्कता पर आधारित अभियान भी चलाये जाते हैं। इस पहल के फलस्वरूप संचालन, कार्य निष्पादन एवं गुणवत्ता में पारदर्शिता के साथ बेहतरी आएगी, जो इस वित्तीय वर्ष के निर्धारित कोयला उत्पादन लक्ष्य की पूर्ती में सहायक होगी।





सतर्कता टीम के अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण का दृश्य

# सीसीएल के चरही में मनाया गया नर्स दिवस

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर दिनांक 12 मई को सीसीएल के चरही क्षेत्र द्वारा सीसीएल सभागार, चरही में मेडिकल विभाग, हजारीबाग के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया

इस अवसर पर बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट एवं जागरूकता के लिए एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग क्षेत्र के महाप्रबंधक, श्री के. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (संचालन) तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. ए. पी. चैतन्य, चिकित्सक, झारखंड सरकार तथा डॉ. कश्मीरा जिलानी, ईसीआईसी हॉस्पिटल, नामकुम, राँची उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मंचासीन वक्ताओं ने बायोवेस्ट मैनेंजमेंट के विभिन्न पहलूओं पर बहुत ही रोचक तथा ज्ञानवर्धक जानकारियाँ दी। कार्यक्रम का संचालन तथा प्रबंधन क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रीति शर्मा ने किया। साथ ही उन्होंने सेमिनार में नर्सों की सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

# सीएमओआई के अधिकारियों ने सीएमडी सीसीएल से की शिष्टाचार भेंट



सीएमओएआई के अधिकारीगण अ.प्र.नि. श्री निलेंदु कुमार सिंह का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत करते हुए

दिनांक 6 मई 2024 को सीसीएल मुख्यालय में कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन के राँची ब्रांच के अधिकारियों ने अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड श्री निलेंदु कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। अवसर विशेष पर श्री डीएन सिंह, अध्यक्ष, सीएमओआई, श्री एसके सिंह, उपाध्यक्ष, सीएमओएआई और श्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष, सीएमओएआई ने पुष्प गुच्छ दे कर सीएमडी, सीसीएल का स्वागत किया।

ज्ञात हो कि सीएमडी,सीसीएल ने कोयला मंत्रालय, भारत सरकार और कोल इंडिया लिमिटेड के आदेशानुसार 30.04.2024 को सीएमडी, सीसीएल के पद पर अपना योगदान दिया है ।

उल्लेखनीय है कि कंपनी के नीति निर्माण एवं अधिकारियों के समस्याओं एवं विषय वस्तु के समाधान हेतु सीएमओएआई एक प्रभावी संस्था है जो कंपनी प्रबंधन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सीसीएल के विकास के लिए कृत संकल्प रहती है ।

# सीसीएल के ट्विटर हैंडल पर हुए 20 हजार से अधिक फॉलोअर्स

## कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी और सीआईएल के अध्यक्ष श्री पीएम प्रसाद ने दी बधाई

सीसीएल का आधिकारिक ट्विटर हैंडल @RanchiCCL ने 20,000 फॉलोअर्स का एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पार कर लिया है।अब इस लोकप्रिय प्लैटफार्म एक्स (ट्विटर) पर अलग अलग पृष्ठभूमि के 20 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके है । यह उपलब्धि कोयला क्षेत्र में बढ़ती रुचि और सोशल मीडिया के माध्यम से हितधारकों के साथ जुड़ने के सीसीएल के प्रयासों का प्रमाण है।

कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी ने ट्वीट कर टीम सीसीएल को बधाई दी। सीआईएल के अध्यक्ष श्री पीएम प्रसाद ने इस उपलब्धि के लिए सीसीएल टीम को बधाई दी है। उन्होंने सूचना प्रसारित करने और जनता के साथ जुड़ने में सोशल मीडिया के महत्व को रेखांकित करते हुए, कोयला उद्योग के बारे में अपडेट, समाचार और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए ट्विटर का लाभ उठाने में सीसीएल के प्रयासों की सराहना की।

विभागाध्यक्ष (सीसी – पीआर) श्री आलोक कुमार ने सभी फॉलोअर्स का आभार जताते हुए कहा कि हम हितधारकों के कोयला क्षेत्र में बढ़ती रुचि को देखकर रोमांचित हैं सभी फॉलोअर्स से मिले फीडबैक से प्रेरित होकर हम प्रभावी संचार हेतु नवीन तकनीकों का बेहतर प्रयोग हेतु प्रयासरत है। हम हितधारकों के साथ जुड़ने, जानकारी साझा करने और कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सार्थक उपयोग करना जारी रखेंगे।

सीसीएल के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो सोशल मीडिया के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और हितधारकों के साथ जुड़ाव के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ज्ञात हो कि सीसीएल के सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को मिलाकर 90 हजार से अधिक फॉलोअर्स है।

# नवनियुक्त प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन




इंडक्शन प्रोग्राम के दौरान सभा को संबोधित करते निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं
मंचासीन निदे. (वि.) श्री पवन कु. मिश्रा, निदे. (तक./यो. एवं परि.) श्री सतीश झा, निदे. (तक.) श्री हरीश दुहान एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

दिनांक 07/05/2024 को सीसीएल में प्रतिभा को निखारने और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ नवनियुक्त अधिकारीयों को कम्पनी के विविध कार्यों से परिचित कराने के उद्देश्य से मैनेजमेंट ट्रेनी इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। अवसर विशेष पर सीसीएल निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार, जीएम (एचआरडी) श्री आर के पांडेय, जीएम (अधिकारी स्थापना) श्री एस के ठाकुर, जीएम (ऑपरेशन) श्री मेराज अहमद और एचओडी (श्रमशक्ति) श्रीमती कविता गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र में निदेशकगणों ने प्रशिक्षुओं के लिए अमूल्य सलाह दिए एवं अपने कार्यानुभवों को साझा किया।

इस कार्यक्रम के तहत कुल 12 प्रबंधन प्रशिक्षुओं ने कंपनी में अपने पेशेवर जीवन के यात्रा शुरू की। इनमे एक महिला खनन इंजीनियर भी शामिल थी जो कंपनी के कार्यबल में विविधता और समावेशिता को प्रदर्शित करता है। जीएम (एचआरडी) श्री आर के पांडेय ने कार्यक्रम के आरम्भ में सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया।

सत्र के दौरान, निदेशकगणों और मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सौंपी गई भूमिकाओं को पूरा करने में समर्पण और ईमानदार प्रयास के महत्व को रेखांकित किया साथ ही प्रशिक्षुओं से अपने अनुभवों को समद्ध करने के लिए वरीय अधिकारीयों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का सलाह दिया।

इस कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास विभाग एवं अधिकारी स्थापना विभाग द्वारा किया गया, जिससे प्रशिक्षुओं के लिए कोल इंडिया/सीसीएल में एक प्रभावशाली शुरुआत सुनिश्चित हो।




इंडक्शन प्रोग्राम का एक दृश्य

# सेवानिवृत्त हो रहे 81 कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




सम्मान–सह–विदाई समारोह का एक दृश्य

दिनांक 31 मई को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 7 कर्मियों – श्री महेंद्र कुमार पंजाबी, महाप्रबंधक (खनन), भूगर्व विभाग, श्री अनिल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (वित्त), वित्त विभाग, श्री सुनील कुमार, मुख्य प्रबंधक (ई एंड एम), सेफ्टी विभाग, डॉ. अरबिंद कुमार, सीएमओ, मुख्यालय डिस्पेंसरी, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य भंडारपाल – ए–1, ई एंड एम विभाग, श्री सौमेन रॉय, कार्यालय अधीक्षक, मेडिकल विभाग एवं मनोज कुमारी, मैट्रन–ए–1 को सीसीएल की ओर से एक "सम्मान–सह–विदाई समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। सीसीएल से कुल 81 कर्मचारी सेवा निवृत्त हुए हैं जिसमें 8 अधिकारी एवं 73 गैर–अधिकारी हैं।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री हरीश दुहान, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री सतीश कुमार झा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार ने सभी सेवा निवृत्त कर्मियों को शॉल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, सर्विस सर्टिफिकेट आदि प्रदान कर सम्मानित किये।

निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सभी का समर्पित भावना के कारण ही कंपनी का विकास एवं भविष्य सकारात्मक है। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी के लिए आज एक यादगार दिन है और कंपनी से जब भी आपको कोई जरूरत पड़े तो कंपनी एवं मैनेजमेंट आपके साथ होंगे।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी अपने–अपने स्वास्थ्य एवं वित्तीय अनुशासन पर विशेष ध्यान दें जिससे कि आप दूसरे पर निर्भर न रहें। उन्होंने कहा कि वर्षों से आपका समर्पण, कड़ी मेहनत और कंपनी के प्रति समर्पित भावना से कंपनी को लाभ मिला है जिसके कारण सीसीएल अपना लक्ष्य को प्राप्त कर रहा है।

निदेशक (तक./संचा.) श्री हरीश दुहान ने सभी सेवा निवृत्त कर्मियों के उपलब्धि के बारे में चर्चा किये और कहा कि आपका दूसरी पाली सुखमय हो एवं आप हमेशा स्वस्थ रहें।

निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री सतीश कुमार झा ने अपने सम्बोधन में कहा की आप अपनी तीसरी पीढ़ी के साथ समय बिताएं और बच्चों का भविष्य निर्माण करने में योगदान दें।

सीवीओ श्री पंकज कुमार ने कामना की कि आप सभी का दूसरी इनिंग पहली इनिंग से और बेहतर हो। उन्होंने सलाह दिया किया कि अपने और लाइफ पार्टनर के प्रति ध्यान दें और व्यक्तिगत हितों को दुसरे के लिए कॉम्प्रोमाईज नहीं करें।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित किया गया। इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को विडियो के माध्यम से साझा किया।

कार्यक्रम का संचालन, स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

International Labour Day celebrated with zest and fervour at CCL. Shri Nilendu K. Singh, CMD, CCL with FD's & CVO, rep of TU, SC/ST/OBC & Off Asso, Area GMs , HQ GMs/HoDs & stakeholders attended function. Homage was paid at Shahid Smarak and Coal Warriors were felicitated .




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

As per directives of Ministry of Coal, GOI, 2 multidisciplinary teams of 12 officials from CCL Vigilance & HQ, CMPDIL & CCL command areas under guidance of CVO,CCL conducted surprise check of 2 mines of CCL ie Amrapali OCP & Rajrappa Project.
Stock measurement is still going on.



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Thrilled to celebrate crossing the milestone of 20,000 incredible Followers on X (Twitter).

A Huge Thanks & Gratitude to the amazing community for the support & valuable insights.

Congratulations #TeamCCL




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

2024 के चुनाव महापर्व में आपकी भागीदारी सुनिश्चित करने की तिथि आगामी 20 मई एवं 25 मई को तय है।

मतदान प्रक्रिया में भाग लेना हमारा परम कर्तव्य है।
आइए, सीसीएल परिवार के सभी सदस्यगण मतदान करे और राष्ट्र को मजबूत करें।

#वोट करेगा रांची
#वोट करेगा सीसीएल

सादर

Translate post





(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग